# हवाई फायरिंग करने वालों को12 घंटे के अंदर धर दबोचा

## चारों आरोपी गिरफ्तार





**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के कुशल नेतृत्व में थाना स्टेशनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फोरलाइन बायपास रानीपिपरिया चौराहा के पास पान ठेला के सामने हुई फायरिंग के आरोपी 12 घंटे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**यह है मामला** – शांति नगर रोंसरा नरसिंहपुर निवासी सौरभ यादव 29 नवंबर के रात करीब 8.45 बजे अपने पान ठेला पर बैठा था तभी सिंधी कालोनी के रहने वाले सूरज यादव, राजा यादव, अभि, सानू नौरिया आये और बोले की बाहर निकल बहुत हीरो बन रहा है तो जैसे ही सौरभ यादव पान ठेले से बाहर निकल कर आया तभी सूरज यादव ने अपने पास रखी पिस्टल से उतावलेपन उपेक्षापूर्ण तरीके से आसमान तरफ हवाई फायर किया जो गोली किसी को नहीं लगी तभी सूरज यादव और उसके साथी बोले कि बहुत उड़ रहा है स्टेशन तरफ मिला तो देख लेंगे व जान से मारने की धमकी दिये।

प्रार्थी सौरभ यादव की रिपोर्ट पर थाना स्टेशनगंज में अपराध क्रमांक 970/2024 धारा 125,3(5),351(2) बीएनएस.का कायम कर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहपुर मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हिमलेन्द्र पटैल द्वारा त्वरित टीम को लेकर आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई जिसमें परिणामस्वरूप 24 घंटे के अंदर घटना के चारों आरोपी सूरज पिता मुकेश यादव उम्र 25 साल, राजा उर्फ शाहिल यादव पिता मधु यादव उम्र 24 साल, अभि उर्फ अभिषेक कहार उम्र 24 साल, सानू उर्फ सुमित नौरिया पिता शंकर लाल नौरिया उम्र 28 साल सभी निवासी सिंधी कालोनी नरसिंहपुर को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी सूरज यादव के कब्जे से एक पिस्टल, एक खाली खोखा, एक जिंदा कारतूस बरामद कर जप्त की। आरोपी तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु गठित की गई थी विशेष टीम आरोपियों के खुले आम बेखौफ आपराधिक गतिविधियों को ध्वस्त करने पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये त्वरित टीम का गठन कर आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये थे। तकनीकी माध्यमों एवं मुखविर की सूचना के आधार पर आरोपियों तक पहुँची पुलिस टीम।

**इनकी रही मुख्य भूमिका** – निरीक्षक हिमलेन्द्र सिंह, सउनि. सतीश राजपूत, प्र. आरक्षक 31 आशीष मिश्रा, आरक्षक 357 संजय पाण्डेय, आरक्षक 522 लक्ष्मी नागपुरे, आरक्षक 347 पूरन मेहरा, सैनिक– मनीष पारासर, राजेन्द्र सिंह राजपूत की मुख्य भूमिका रही है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में निर्वाचन प्रक्रिया सपंन्न

## शाला नायक एवं उपशाला नायक के चयन के लिए किया निर्वाचन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में विगत दिवस शाला नायक एवं उपशाला नायक की चयन हेतु निर्वाचन जैसी प्रक्रिया का मंचन किया गया। जिसमें शालानायक एवं उपशाला नायक बनने की उम्मीदवार छात्र-छात्राओं के द्वारा नामांकन प्रस्तुत कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की गई।




नामांकन की पात्रता कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र थीएवं सभी कक्षाओं के मॉनिटर्स जो अलग अलग विधा के चुने हुए थे एवं स्टाफ के सभी शिक्षकों लिपिकीय स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी स्टाफ के द्वारा मतदान प्रक्रिया का मंचन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की समक्ष चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया का पारदर्शी एवं निष्पक्षता से प्रदर्शन किया गया जिसमें मतदान के दौरान किए जाने वाली सभी गतिविधियां को मंच पर ही प्रदर्शित कर मतदान उपरांत मतगणना कैसे की जाती है यह भी दिखाया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान चुनाव के संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को भी मंचासीन कर दर्शक छात्र छात्राओं को उनके दायित्व कर्तव्य भी बताए गए। कार्यक्रम उपरांत शालानायक कक्षा नायक के रूप में शुभम सोनी कक्षा बारहवीं और उपशाला नायक के रूप में सरगम भारद्वाज को चयनित किया गया। इस पूरी कार्यक्रम की मंचन के दौरान शाला के सभी शिक्षकों एवं प्राचार्य का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा चयनित शाला नायक एवं उपशाला नायक को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाया और दुकानदारों को गंदगी नहीं फैलाने की दी समझाइश

**करेली, देशबन्धु।** नगर पालिका करेली तथा राजस्व तहसील करेली की संयुक्त टीम के द्वारा करेली बस्ती के नागरिको के द्वारा मांस मटन की दुकानों एवं अतिक्रमण हटाने के लिए मांग की गई थी तथा रहवासियों को मांस मटन की दुकानों गंदगी के कारण रहवासियों का असुविधा का सामना करना पड़ता है। जिस पर तुरंत संज्ञान लेकर राजस्व करेली तथा नगर पालिका की सयुक्त टीम द्वारा करेली बस्ती चौराहा स्थित मांस मटन की दुकानों को हटाया गया तथा अतिक्रमण को चिन्हाकित कर दो दिवस में दुकान हटाने की हिदायत दी गई तथा रामवार्ड सोमवारा बाजार स्थित सामुदायिक भवन परिसर में अतिक्रमण को हटाया गया तथा आसपास की दुकानदारों को गन्दगी नहीं फैलाने की समझाईस दी गई दुकानों में दो डस्टबिन रखने को कहा गया तथा गन्दगी फैलाने पर पर आगामी कार्रवाई पर चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस कार्रवाई में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




### बगासपुर में जलापूर्ति की लाइन न डलने से ग्रामीण सुविधा से वंचित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुर में पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन को बगासपुर में अभी तक नहीं बिछाया गया है। यह पाइप लाइन गोशाला स्थल पर लबे समय से यूं ही पड़ी हुई है। इस पेयजल लाइन को बिछाने की दिशा में संबंधित ठेकेदार का कार्य धीमा चल रहा है। जिसके कारण कुछ इलाके में रहवासियो को पेयजल आपूर्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।बगासपुर ग्राम पंचायत बड़ी पंचायत होने के बाद भी यहां के रहवासी अत्यंत परेशान हैं। अपने उपयोग के लिए पेयजल इधर उधर से लाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, घर-घर पेयजल सुविधा का लाभ अधिकांश गरीब रहवासियों को कब से प्राप्त होगा। इस संबंध में कोई भी जिमेदार अधिकारी कुछ भी बताने में असमर्थ नजर आ रहे है।

### एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा ग्राम मेहराखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** एनटीपीसी गाडरवारा के तत्वावधान में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) तथा जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित मेहराखेड़ा गांव के सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मेहराखेड़ा गांव के लगभग 100 से अधिक बच्चे, पुरुष, महिलाएं तथा बुजुर्गों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की।

### छात्राओं ने संभाग स्तर पर लहराया परचम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस संभाग स्तर पर जबलपुर मे आयोजित विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय चीचली की छात्राओं श्रेया शुक्ला, स्वाती ताम्रकार, खुशी विश्वकर्मा, हर्षिता चौरसिया ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक संगीत विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, भारत ताम्रकार, सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, केआर रजक सहित सभी शाला परिवार ने प्रसन्नता जताई है। इन छात्राओं ने शिक्षक विनीत नामदेव, रजनी सराठे, सुलेखा शर्मा के मार्गदर्शन में यह स्थान प्राप्त किया। अब यह चयनित छात्राएं राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### व्यवसायिक ट्रेड के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड के विद्यार्थियों ने लोक शिक्षण संचनालय समग्र शिक्षा नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत टू ट्वेन्टी केवी पावर स्टेशन खैरी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों को पावर स्टेशन में उपलब्ध विद्युत उपकरण, विद्युत संयंत्र, बैटरी रूम, कंट्रोल रूम, चार्ज रूम, प्रत्यावर्ती एवं दिष्ट धारा, मोटर डायनेमो, विभिन्न प्रकार के कंट्रोल पैनल, मोटर स्टार्टर, ग्रामवार विद्युत लोड इत्यादि विद्युत ट्रेड से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। पावर स्टेशन में पदस्थ प्रभारी इंजीनियर हेमंत मालवीय तथा उनके स्टाफ द्वारा उपस्थित समस्त व्यावसायिक छात्रों को केंद्र में संबंधित समस्त जानकारी, कार्यशाला परिसर का भ्रमण, छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान, भविष्य में इन की उपयोगिता, साथ ही ऑन द जॉब ट्रेनिंग संबंधित व्याख्यान दिया गया। उनके द्वारा विद्युत संयंत्रों, विभिन्न मशीनों का निर्माण एवं उनकी कार्य विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण में व्यवसायिक शिक्षक सरफराज मोहम्मद एवं दिनेश गर्ग के साथ विद्यालय की शिक्षिका शिखा श्रीवास्तव एवम सत्यम ताम्रकार ने सहयोग प्रदान किया। यह औद्योगिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के प्राचार्य भूपेश ठाकुर एवं व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# दिव्यांग बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा, जीते पुरस्कार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार विश्व विकलांग दिवस पर जनपद शिक्षा केंद्र नरसिहपुर की विकासखंड स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी के निर्देशन एवम् विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय के मार्गदर्शन में कक्षा पहली से आठवीं तक के दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रतियोगिता डाइट परिसर में संपन्न हुई। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में 52 विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में सहभागिता दी गई। जनपद शिक्षा केंद्र की ओर से सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को तिलक पुष्पहार से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया।



विभिन्न प्रतियोगिता में जिसमें 25 मीटर दौड़ प्राथमिक में शिवांश लोधी हॉस्टल प्रथम, सोमनाथ नोरियां सुपला द्वितीय, अमरजीत लोधी हॉस्टल तृतीय वहीं माध्यमिक विद्यालय के सौरभ यादव हॉस्टल प्रथम, दीपक केवट सिंहपुर द्वितीय, करण ठाकुर देवारीकला तृतीय रहे।

**हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं** – रंगोली प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में जानकी धानक खमरिया प्रथम, दीक्षा मेहरा द्वितीय रहे। माध्यमिक वर्ग में रिया लड़ियां पुलिस लाइन प्रथम, प्रतिष्ठा राय तलापार द्वितीय रहे। कुर्सी दौड़ में ओम अहिरवार हॉस्टल प्रथम, सत्यम साहू हॉस्टल द्वितीय रहे। मटकी फोड़ में माध्यमिक वर्ग में मोहित कहार नेहरू विद्यालय, प्राथमिक वर्ग में आशीष ठाकुर हॉस्टल प्रथम रहे। नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग से भानवती मेहरा डूडवारा प्रथम शुभांति दुबे खमतरा द्वितीय, माध्यमिक वर्ग में अनुज सराठे संजय माध्यमिक विद्यालय, स्वाति चौधरी डांगीढाना।चित्रकला में प्राथमिक वर्ग में आराध्या विश्वकर्मा लौकीपार प्रथम, गायत्री लोधी सुखा द्वितीय। माध्यमिक वर्ग में प्रिंस सराठे संजय माध्य प्रथम, अनुज केवट देवारीकला द्वितीय रहे। बकेट द बाल में प्राथमिक वर्ग में शुभ जेन हॉस्टल प्रथम, हार्दिक धानक नेहरू विद्यालय द्वितीय। सांस्कृतिक प्रतियोगिता गायन में सूरज लोधी हॉस्टल प्रथम, नृत्य में जमना लोधी सुखा टोला प्रथम, आराध्या विश्वकर्मा लौकीपार द्वितीय। कहानी में राहुल ठाकुर हॉस्टल प्रथम, सोमनाथ नोरियां सुपला द्वितीय। साइन लैंग्वेज से कहानी में आदर्श यादव हॉस्टल प्रथम स्थान पर रहे। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय से प्रतियोगिता में सहभागी दिव्यांग विद्यार्थियों को यात्रा परिवहन भत्ता वितरित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम दवतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों सहित सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया।प्रतियोगिता के दौरान भोजन एवं जलपान की व्यवस्विथाए की गई। विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय, ए पी सी अंजू शर्मा, बी ए सी ब्रजेश नेमा, विनोद झारिया, डा अंजिता वर्मा, रश्मि पटवा, आर पी शर्मा सहित आयोजन समिति के समस्त कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक आर पी शर्मा द्वारा किया गया।

# विकासखंड चीचली व साईंखेड़ा में मप्र जनअभियान परिषद की विकासखंड स्तरीय बैठक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड चीचली एवं सांईखेड़ा की नवांकुर संस्थाओं एवं पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्फुटन समितियों के कार्यों, जल संरक्षण व संवर्धन के तहत बोरी बंधान, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, जैविक कृषि को बढ़ावा देने, सेक्टर स्तर पर पौध नर्सरी की स्थापना करने की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विकासखंड चीचली के ग्राम डोंगरगांव, उकासघाट, गांगई, बांसुरिया व सीरेगांव और विकासखंड तूमड़ा, थरेहरी, पिटरास, धनोरा एवं बंधा में नर्सरी निर्माण की योजना बनाई गई। बैठक में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत कक्षा संचालन, बीएसडब्ल्यू द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा एमएसडब्ल्यू उत्तरार्द्ध के प्रवेश व शुल्क की समीक्षा के दौरान सभी को शुल्क जमा व प्रवेश की सतत कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा, विकासखंड समन्वयक स्मिता दांडे व राममोहन रघुवंशी, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीयलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नाततकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठस द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम जन शिक्षण संस्थामन नरसिंहपुर द्वारा विद्यार्थियों के लिए असिस्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह व आईक्यूयएसी के निर्देशन एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृत्ति सेन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर के रूप में जनशिक्षण संस्थान से वंदना पटैल ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण की अवधि में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर बेसिक ऑपरेटिंग सिस्ट। एमएस वर्ड प्रोसेसिंग, एक्सल पावर प्वावइंट प्रजेंटेशन इंटरनेट सर्च इंजन ई.मेल तैयार करना आदि माडयूल का सैधांतिक व प्रायोगिक जानकारी प्राप्ति किया। अंतिम दिवस प्रशिक्षिणार्थीयों का प्रश्नर पत्र के माध्याम से मूल्यांकन किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेगें। कार्यक्रम से स्नातक स्तर के 35 विद्यार्थी लाभांवित हुए।

# दीवान गजराज सिंह के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**करेली, देशबन्धु।**1857 के पूर्व स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले नर्मदा ट्रे ट्री के नायक राजा हृदेश शाह के भाई दिवान गजराज सिंह जी की शहादत दिवस पर नर्मदा नदी के तट केरपानी में स्थित राजा हृदेश शाह के किले में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किले में स्थित दीवान गजराज सिंह जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मंच पर उपस्थित पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल राजा हृदेश शाह के वंशज राजा कौशलेंद्र सिंह पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार,निधान सिंह पटेल, महंत प्रीतम पूरी,डॉ. अशोक वर्मा, कलेक्टर सिंह पटेल,ओमकार सिंह पटेल,राव महेश सिंह,राव सूरज सिंह गाँधी जी,विष्णु मुसकरेया राजेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह मेरसिंह गुमास्ता, मंजुलता लोधी शिवप्रसाद बघोरिया लक्ष्मण पटेल,छोटे पटेल चंदू पटेल हेमराज भानु प्रताप नृपेंद्र सिंह गोलू राय मंच पर उपस्थित रहे इस अवसर पर ठाकुर राजेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे लिए गौरव की बात है कि स्वतंत्रता की अलख जगाने का कार्य हमारे जिले के के लिए प्राणों की आहुति देकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा दी। उनके नेतृत्व और कुशल रणनीति ने अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने दीवान गजराज सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान और संघर्षमय जीवन का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इतिहास में आजादी की लड़ाई में हमारे जिले के क्रांतिकारीयो की अहम भूमिका रही हैं नर्मदा घाटी के क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर आजादी की अलख जगाई एवं अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी इसके साथ ही उन्होंने दीवान गजराज सिंह को याद करते हुए बताया राजा हृदेश शाह के भाई दिवान गजराज सिंह को अंग्रेजो ने जबलपुर के चांडाल भाटा में 29 नवम्बर 1857 को फांसी दे दी गई थी इनका 50 किलो वजन का बख्तर,25 किलो का टोप,25 किलो का गुटन्ना आज भी नागपुर के म्यूजियम में सुरक्षित है आज हमारे जिले के लोगो को हमारा इतिहास पता होना चाहिए हमारी आने वाली पीढ़ियों को यह जानकारी होनी चाहिए कि हमारे जिले के वीर योद्धाओं ने किस तरह अपना सर्वस्व न्योछावर कर अपनी मातृ भूमि की रक्षा की।

कार्यक्रम में दीवान गजराज सिंह के जीवन की प्रमुख घटनाओं का स्मरण किया गया श्री पटेल ने बताया कि कैसे उन्होंने स्थानीय राजाओं और जनसाधारण को संगठित कर क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की। उनकी निडरता और मातृभूमि के प्रति प्रेम ने उन्हें अंग्रेजी शासन का सबसे बड़ा शत्रु बना दिया था। गजराज सिंह ने न केवल सैनिकों का नेतृत्व किया बल्कि जन-जन में स्वतंत्रता का भाव जगाया इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी गजराज सिंह की वीरता और उनके योगदान को रेखांकित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के युवाओं को उनके बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि समारोह के अंत में दीवान गजराज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

# प्रधान आरक्षक बृजभूषण शर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त हुए प्रधान आरक्षक बृजभूषण शर्मा को को फूल माला पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेट कर विदाई दी गई।

जिले की विभिन्न इकाईयों में पदस्थ रहे प्रधान आरक्षक बृजभूषण शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कार्यालय नरसिंहपुर में विदाई समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्री शर्मा को पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके साथ ही उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फूल माला पहना कर विदाई दी। समारोह में पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका एवं श्री शर्मा के परिजनों द्वारा सेवा उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामनाएं की गईं।

## मारपीट के तीन दोषियों को एक साल की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** माननीय न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगॉव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा मारपीट करने के प्रकरण में आरोपी उमेश चांदौरिया, नीलेश चांदौरिया, योगेश चांदौरिया, सभी आरोपीगण निवासी-किसानी मोहल्ला गांधी वार्ड, थाना गोटेगॉव जिला नरसिंहपुर को दोषसिध्द पाते हुए भा.द.वि. की धारा 323 में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 500/- रुपये का अर्थदण्ड तथा धारा 325 भा.दं.सं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि घटना दिनांक 10.2.2020 की रात्रि करीबन 10 बजे स्थान प्रार्थी के घर के सामने किसानी मोहल्ला गोटेगॉव की है। उक्त दिनॉक को अभियुक्तगण फरियादी के भतीजे खुशाल परसवाल के साथ मोबाईल पर गाली गुफतार करने की बात पर से उसके घर के सामने विवाद कर रहे थे तभी फरियादी बीच बचाव करने आया तो उमेश चांदौरिया द्वारा मारपीट की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरुध्द थाना गोटेगॉव में अपराध क्रं. 138/2020 भा.द.वि. की धारा 323,325,34 कें अंतर्गत पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आहत घटना स्थल का नक्शा मौका, पंचनामा बनाया गया एवं अनुसंधान पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए